आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.12.2024/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को शिमला ज़िला के कुपवी उपमंडल की विभिन्न पंचायतों में खाली पहाड़ियों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री कुपवी उपमंडल के टिक्कर में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के उपरांत आज अधिकारियों के साथ इस क्षेत्र में विकासात्मक जरूरतों पर चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने से स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने आज टिक्कर गांव के वृद्धजनों से भी भेंट की और उनके समय में प्रचलित पठन–पाठन के तरीकों और वर्तमान में शिक्षा के परिपेक्ष पर चर्चा की।

अनुराग ठाकुर

सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी संविधान की लाल किताब को हर जगह लहराते जरूर हैं लेकिन इसके अंदर छिपे गांधी परिवार के काले कारनामों पर कभी बात नहीं करते। अनुराग ठाकुर ने आज लोकसभा में संविधान पर हो रही चर्चा में हिस्स लेते हुए कहा कि राहुल गांधी और उनकी पार्टी केवल संविधान प्रेम का ढोंग रचती है। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने संविधान का अपमान किया है तो वह कांग्रेस और गांधी परिवार है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1975 में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर और पूरे विपक्ष को जेल में डालकर संविधान ही बदल दिया। अनुराग ठाकुर ने इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए दंगों और सिक्खों पर अत्याचार का भी जिक्र किया।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि विपरित परिस्थितियों के बावजूद प्रदेश में हर वर्ग का विकास हो रहा है। रोहित ठाकुर आज जुब्बल कोटखाई के नावर क्षेत्र की हंसटाडी पंचायत में नवनिर्मित पंचायत घर के लोकार्पण के मौके पर एक जनसभा को संबोधित कर रहे

थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सेब बागवानों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इनमें यूनिवर्सल कॉर्टन को लागू करना प्रमुख है। उन्होंने कहा कि जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण है और यहां पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं और सरकार इस दृष्टि से विकास कार्यों को अंजाम दे रही है।

<u>सुनील बिट्टू</u>

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील बिट्टू ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हमीरपुर में मैडिकल कॉलेज स्थापित कर ज़िले के विकास को नए आयाम दिए हैं। बिट्टू ने आज हमीरपुर स्थित सुपर मैगनेट सीनियर सैंकेडरी स्कूल के वार्षिक उत्सव के मौके पर कहा कि इस संस्थान को उत्कृष्ट संस्थान के रूप में विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री एक बड़ी सोच के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियो को उनकी रूचि और प्रतिभा के अनुसार की प्रेरित किया जाना चाहिए। सुनील शर्मा बिट्टू ने नशे की बढ़ती समस्या पर भी चिंता जताई और विद्यार्थियों से इससे दूर रहने का आहवान किया।

<u>केवल सिंह पठानिया</u>

प्रदेश सरकार में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि प्रदेश सरकार शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के चंगर क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य व परिवहन सेवाएं मजबूत करने के लिए प्रभावी ढंग से कार्य कर रही है। पठानिया आज राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंज के वार्षिक पुरस्कार के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चंगर क्षेत्र की बिजली की समस्या को अगले वर्ष अप्रैल तक पूरी तरह से दूर कर दिया जाएगा।

<u>रिजर्व बैंक</u>

भारतीय रिज़र्व बैंक ने बिना जमानत के कृषि ऋण की सीमा एक लाख 60 हजार रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का निर्णय लिया है। ये निर्णय अगले वर्ष पहली जनवरी से लागू होगा। केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि इस फैसले का उद्देश्य किसानों को बेहतर वित्तीय सुविधा प्रदान करना है। इस निर्णय से किसानों पर मुद्रास्फीति और कृषि की बढ़ती लागत का प्रभाव कम होगा।

सुखाश्रय

चंबा जिला के भटियात विधानसभा क्षेत्र में सुखाश्रय परिसर का निर्माण किया जाएगा। इस परिसर में अनाथ बच्चों के साथ वृद्ध आश्रम की सुविधा भी मुहैया करवाई जाएगी। जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि इस परिसर के निर्माण के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने लोगों से जिले में स्थापित सुखाश्रय कोष में अपना योगदान देने की अपील की है।

..............................................................................................